‘आत्म विश्वास व पारदर्शिता के साथ निभाएं निर्वाचन दायित्व’

भरतपुर। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत 9 सितंबर को होने वाले मतदान के लिए मंगलवार को भरतपुर नगर निगम क्षेत्र 65 वार्डों के 201 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रवाना हुए। राजकीय महिला महाविद्यालय पॉलिटेक्निक में आयोजित अंतिम प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने मतदान कार्मिकों को निर्वाचन दायित्व पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ निभाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें तथा मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने ईवीएम एवं अन्य निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर अनावश्यक भीड़ एकत्रित नहीं हो तथा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें। किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि सामने आने पर तत्काल संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट को सूचित करें।

भरतपुर नगर निगम क्षेत्र 65 वार्डों के 201 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रवाना हुए।

उन्होंने मतदान कार्मिकों को निर्देश दिए कि मतदान दिवस पर निर्धारित समय पर मॉकपोल सुनिश्चित करने के बाद सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ कराएं, जो शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। सभी मतदान कार्मिक अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर मौजूद रहकर पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी से दायित्व निभाएं।

- कमर चौधरी ने मतदान कार्मिकों को निर्वाचन दायित्व पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ निभाने के निर्देश दिए

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव शर्मा ने मतदान केन्द्रों पर आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रत्याशी के पोस्टर, बैनर अथवा अन्य प्रचार-प्रसार सामग्री मतदान केन्द्र परिसर में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस की शुरुआती व्यवस्थाएं पूरे दिन की मतदान प्रक्रिया की दिशा तय करती हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक कार्य पूरी सावधानी एवं सतर्कता से किया जाए।

नगर निगम चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी रिछपाल सिंह बुरड़क ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नियमों, दिशा-निर्देशों एवं आदेशों का गंभीरता से अध्ययन कर पूर्ण सतर्कता एवं सावधानी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक चुनाव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निवाई में डीएपी खाद की समस्या को लेकर प्रदर्शन

निवाई। किसान महापंचायत के तत्वावधान में डीएपी खाद की समस्या को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई के नेतृत्व में किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई ने बताया कि किसानों को भूमि रिकॉर्ड के अनुसार 35 लाख 95 हजार यूरिया उर्वरक बैग की आवश्यकता है। इसी प्रकार 21 लाख 57 हजार डीएपी उर्वरक बैग की आवश्यकता है।

आवश्यकता के अनुसार किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। जिससे किसानों को डीएपी खाद की समस्या बनी हुई है। उक्त समस्याओं को लेकर निवाई तहसील की तीन ग्राम पंचायत मूंडिया, खंडवा व बहड में सहकारी समिति के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर टीनाडाबी ने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र किसान महापंचायत के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करके खाद उपलब्ध कराया जाएगा।

दौसा में निर्वाचन पर्यवेक्षक ने मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया

दौसा। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के तहत होने वाले मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा तथा निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. टी. शुभमंगला ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने मंडावर एवं महवा क्षेत्र में मतदान दलों के प्रशिक्षण तथा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं, मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा अन्य तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान मतदान दलों को निष्पक्ष एवं निर्भीक माहौल में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए कहा। इसी प्रकार निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. टी. शुभमंगला ने भांडारेज, बांदीकुई, बसवा, मंडावर एवं महवा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने मतदान दलों के प्रशिक्षण, मतदान सामग्री के प्रबंधन तथा मतदान के बाद ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री जमा होने वाले स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का अवलोकन कर वहां मतदाताओं के लिए की गई सुविधाओं, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

- निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. टी. शुभमंगला ने भांडारेज, बांदीकुई, बसवा, मंडावर एवं महवा क्षेत्र का दौरा किया

‘साक्षरता ही विकास और आत्मनिर्भरता की कुंजी है’

मनोहरपुर। 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर आंधी के कांग्रेसी नेता नदीम पठान ने सभी देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पठान ने कहा कि शिक्षा ही वह प्रकाश है जो अंधकार को दूर करता है। साक्षर व्यक्ति न केवल अपना भविष्य संवारता है बल्कि समाज और देश के विकास में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विश्व साक्षरता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना और निरक्षरता को जड़ से खत्म करना है। यूनेस्को द्वारा 1966 में इसकी शुरुआत की गई थी और तब से हर साल 8 सितंबर को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना है, ताकि हर व्यक्ति शिक्षा के साथ-साथ तकनीक से भी जुड़ सके। पठान ने कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि हर बच्चे को किताब और कलम से जोड़ेंगे।

पायलट के जन्मदिन पर 16वां रक्तदान शिविर आयोजित

किशनगढ़बास। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, और जब यह दान किसी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने के लिए किया जाए तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इसी सेवा भावना का अनूठा उदाहरण रविवार को बीबीरानी में देखने को मिला।

- कांग्रेस युवा नेता व उप प्रधान दयाराम चावड़ा के नेतृत्व में लगाया शिविर

तिजारा उप प्रधान एवं युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव दयाराम चावड़ा के नेतृत्व में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के जन्मदिन के अवसर पर 16वां विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। इस मौके पर रक्तदान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बलराम यादव ने शिविर में शिरकत कर सभी रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। शिविर में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद सरपंच, कांग्रेस नेता शकील खान, संजय सेवखेड़ा, रामकुमार चावड़ा, अजय जांगिड, ललित यादव पाटन, चंद्रप्रकाश यादव, परमवीर चावड़ा, नवीन चावड़ा, हरविंदर सरदार, योगेश कुमार, अंकित लंबरदार, विजय मेघवाल, संपत नेहरा, प्रताप मेघवाल, रणवीर प्रजापत, सतपाल यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पायलट के जन्मदिन पर शिविर में रक्तदान करते युवा रक्तवीर।

सार-समाचार

महिलाओं ने गाय-बछड़े की पूजा कर सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की

सांभरझील। यहां बछ बारस के अवसर पर महिलाओं ने सुबह स्नान करके गाय और बछड़े की पूजा की। गाय-बछड़े को रोली, हल्दी, अक्षत और फूल चढ़ाए। गुड़, चना तथा भीगे हुए मूंग, मोठ और बाजरा अर्पित किए। गाय और बछड़े की परिक्रमा करके संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। बछ बारस पर महिलाओं ने उपवास रखा तथा परंपरा के अनुसार इस दिन गेहूँ और दूध/दूध से बनी चीजों का सेवन नहीं किया तथा कई घरों में चाकू से काटी हुई चीजें भी नहीं खाई। महिलाओं ने गाय-बछड़े की पूजा करके प्रार्थना की, हे गोमाता, हे बछड़े, हमारे परिवार और संतान पर अपनी कृपा बनाए रखें, उन्हें स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु रखें। इसके पश्चात महिलाओं ने बछ बारस की कथा भी की।

निवाई में कृषि अधिकारी ने खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया

निवाई। संयुक्त निदेशक कृषि के निदेशानुसार गुण नियन्त्रण के तहत कृषकों को उच्च गुणवत्ता का खाद बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर कृषि विभाग के कृषि अधिकारी कजोड़मल गुर्जर ने खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट के निर्देशन पर खाद बीज की दुकानों पर पोस मशीन एवं मौके पर मौजूद उर्वरक का भौतिक सत्यापन किया। कृषि अधिकारी कजोड़मल गुर्जर ने बताया कि कृषि आयुक्तालय जयपुर के निर्देशानुसार गुण नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत उर्वरक का अवैध भण्डारण, निधारित दर से अधिक मूल्य लेने वाले या अन्य किसी भी प्रकार की काला बाजारी करने वाले कृषि आदान विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी, उन्होंने कृषकों को कृषि आदान खरीदते समय पक्का बिल लेने का आव्हान करते हुए कहा कि यदि कोई विक्रेता पक्का बिल देने से मना करने पर सम्बन्धित कृषि पर्यवेक्षक या सहायक कृषि अधिकारी के माध्यम से सूचना देने पर सम्बन्धित कृषि आदान विक्रेता के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों अपने पास उपलब्ध स्टॉक को प्रदर्शित करने हेतु दर्शनिय स्थल पर मूल्य सूची लगाने एव प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्टॉक रजिस्टर व पॉश मशीन में दर्ज उर्वरक एवं गोदाम में भौतिक रूप से रखा उर्वरक समान रखे। कृषि अधिकारी गुर्जर ने कहा कि किसान डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट का प्रयोग करे। जिसमें सल्फर तत्व अतिरिक्त पाया जाता है। जिससे सरसों की फसल में तेल की मात्रा बढती है एवं दाना भी अच्छी गुणवता का प्राप्त होता है।

चाकसू में निर्भीक मतदान के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

जयपुर। नगर पालिका चाकसू में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को चाकसू कस्बे में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने और असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों में कानून का भय बनाए रखने का संदेश दिया।

- पुलिस ने आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने और असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों में कानून का भय बनाए रखने का संदेश दिया

जयपुर दक्षिण पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज के निर्देशन में निकाले गए फ्लैग मार्च में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल हुए। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।

फ्लैग मार्च के साथ ही निकाय चुनाव में तैनात पुलिस जाब्ते, मोबाइल पार्टियों और सुपरविजन अधिकारियों को चुनावी जिम्मेदारियों के संबंध में ब्रीफ किया गया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को चुनाव के दौरान सतर्कता बरतने, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने और किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के निर्देश दिए।

जयपुर दक्षिण के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा, चाकसू सहायक पुलिस आयुक्त भवानी सिंह और चाकसू थानाधिकारी मनोहर लाल (पु.नि.) सहित पुलिस अधिकारी एवं भारी पुलिस जाब्ता फ्लैग मार्च में मौजूद रहा।

पुलिस अधिकारियों ने चाकसू नगर पालिका क्षेत्र के मतदान केंद्रों और क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इसके अलावा अधिकारियों ने ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का भी निरीक्षण किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। चुनाव प्रक्रिया के दौरान ईवीएम की सुरक्षा को लेकर तैनात जाब्ते को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।



पुलिस अधिकारियों ने क्रिटिकल बूथ का निरीक्षण किया।

भिवाड़ी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

भिवाड़ी। नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल प्रकाश ने मंगलवार को नगर परिषद भिवाड़ी का सघन दौरा कर 9 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने भिवाड़ी क्षेत्र में स्थापित घटाल, खिजरपुर, हरचंदपुर, सांथलका के राजकीय विद्यालयों में स्थापित 9 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप चुनाव संपन्न करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने मतदान दलों को संबोधित करते हुए कहा कि ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा एवं देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। मतदान दल मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद ईवीएम एवं अन्य सामग्री को सुरक्षित रखें ।

पावटा-प्रागपुरा में मतदान दल रवाना, 52 बूथों पर होगी वोटिंग

पावटा। नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण के तहत 9 सितंबर बुधवार को पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में मतदान होगा। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को चुनाव सामग्री के साथ अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। पावटा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से मतदान दलों की रवानगी की गई। पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका के 45 वार्डों में 243 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के लिए नगरपालिका क्षेत्र के 23 राजकीय विद्यालयों में कुल 52 मतदान बूथ बनाए गए हैं। इनमें 6 मतदान केंद्र संवेदनशील और 2 अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। क्षेत्र में कुल 46,814 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 24,621 पुरुष और 22,193 महिला मतदाता शामिल हैं।

मतदान दलों की रवानगी से पहले पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित संबंधित कार्मिकों को अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम संचालन, मतदान प्रक्रिया, चुनाव सामग्री, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। मतदान दलों ने चुनाव सामग्री प्राप्त करने के बाद उसका मिलान किया और निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अर्पणा गुप्ता ने मतदान सामग्री वितरण स्थल, स्ट्रांग रूम सहित चुनाव व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दीं।

- 6 संवेदनशील व 2 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा, 200 जवानों का जाप्ता तैनात

कलेक्टर अर्पणा गुप्ता ने कहा कि पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के सभी मतदान दलों को आवश्यक मतदान सामग्री उपलब्ध कराकर निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। मतदान दल अपने केंद्रों पर पहुंचकर मतदान की आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था की गई है तथा मतदान प्रक्रिया सुचारू एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई जाएगी। कलेक्टर ने सभी मतदाताओं से अपील की।

टोंक में किसानों की समस्याओं को लेकर मांगपत्र पारित

टोंक। किसान संघ उनियारा की बैठक कृषि उपज मंडी समिति क बैठक हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के प्रांत प्रतिनिधि रामस्वरूप धाकड़ ने की, जिसमें किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए पांच प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान संगठन ने मांग की है कि किसान के खाते में सब्सिडी की पूरी राशि डाले और किसानों को खाद दुकान अथवा सहकारी समिति से पूरी कीमत पर खाद उपलब्ध कराई जाए। खाद पर मिलने वाली सब्सिडी खाद खरीदने पर दुकानदार को डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसान को खाद की वास्तविक कीमत ज्ञात होगी तो वह आवश्यकता के अनुसार संतुलित मात्रा में ही खाद का उपयोग करेगा तथा धीरे-धीरे जैविक खेती की ओर भी अग्रसर होगा। वही अन्य मांगो में जंगली सूअरों की समस्या का समाधान हेतु चर्चा की गई। इस मौके पर किसानो ने समर्थन मूल्य से कम पर फसल की खरीद पर रोक लगाने हेतु मांग रखी तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत की ग्राम/सहकारी समिति को सक्रिय किया जाए।

- संगठन ने मांग की है कि किसान के खाते में सब्सिडी की पूरी राशि डाले और किसानों को खाद दुकान अथवा सहकारी समिति से पूरी कीमत पर खाद उपलब्ध कराई जाए

नम्बर मिलाइए
8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कलेक्टर ने निष्पक्ष मतदान के लिए व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के निर्देश दिए

कोटपूतली। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अपर्णा गुप्ता तथा जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने मंगलवार को नगर परिषद कोटपूतली एवं नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं मतदान दलों से निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियों, मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। मतदाताओं के लिए सुगम प्रवेश एवं निकास, छाया, पेयजल, बैठने सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें तथा मतदान के दौरान किसी भी मतदाता को असुविधा नहीं हो।उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री, पोस्टर, बैनर अथवा अन्य प्रचार संबंधी सामग्री नहीं रहनी चाहिए। संबंधित अधिकारी ऐसी सामग्री को तत्काल हटवाना सुनिश्चित करें। साथ ही, मतदान केन्द्रों पर अनावश्यक भीड़ अथवा ऐसी किसी गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाए, जिससे मतदान प्रक्रिया प्रभावित हो। उन्होंने मतदान दलों को सभी मतदाताओं के साथ समान एवं निष्पक्ष व्यवहार रखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दिवस के दौरान व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या व्यवधान की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए मतदाताओं के लिए निर्भीक एवं सहज मतदान का वातावरण तैयार किया जाए तथा प्रशिक्षण के दौरान दिए गए निर्देशानुसार मॉक पोल एवं अन्य प्रक्रिया को पूर्ण करें, आवश्यकता पड़ने पर जोनल अधिकारियों को सूचित करे।

जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया।

- उन्होंने मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्लाट नम्बर 74 हजरत अली नगर, रामगढ़ रोड, आमेर रोड, जयपुर के सम्बन्ध मे दिनांक 01.11.2025 को श्री शारिक खान, सैय्यद अंसार अली, इमरान खान, श्रीमती शाहिदा द्वारा निजामूद्दीन पुत्र श्री कमालूद्दीन के मध्य निष्पादित इकरारनामा की अवधि तीन माह दिनांक 01.02.2026 को समाप्त हो चुकी है। इकरारनामा रद्द हो गया है। अग्रिम राशि जब्त हो चुकी है। अब मेरे मुवक्किलान प्लाट नम्बर 74 अन्य को विक्रय करने को स्वतन्त्र है।
जयपुर (फराज हुसैन) एडवोकेट
दिनांक-8/9/2026 मो.नं:-9929797865

आम सूचना सर्व साधारण को मेरे अभिभाष्यगण श्री छोटेलाल शर्मा पुत्र स्व. श्री बीरबल प्रसाद शर्मा एवं श्रीमती सन्तोष देवी शर्मा पत्नी श्री छोटेलाल शर्मा, निवासीयान- 19, गोविन्द नगर, चरण नदी-2, नाडी का फाटक, मुरलीपुरा, जयपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण का छोटा पुत्र पवन कुमार शर्मा मेरे अभिभाष्यगण के कहने मे नही है एवं आये दिन मेरे अभिभाष्यगण से फोन पर लड़ाई झगड़ा करता है एवं गलत संगत मे पड़ गया है, इस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने उससे अपने समस्त प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति, जायदाद इत्यादि से अलग कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति पवन कुमार शर्मा से किसी प्रकार का कोई लेनदेन, संव्यवहार, व्यापार, सम्पत्ति अन्तरण आदि करता है तो मेरे अभिभाष्यगण कतई उत्तरदायी नही होगे।
(दिनेश कुमार शर्मा) एडवोकेट,मोबाईल : 9828035260

खोया-पाया सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी नाथू गुर्जर पुत्र श्री जगदीश गुर्जर, निवासी हरिवल्लभपुरा, तामड़िया, तहसील चाकसू का दुकान संख्या 110, माप 10x20 फ्रीट, स्थित पंचवटी स्कीम, फागी रोड रेलवे स्टेशन के पास, तहसील चाकसू का क्रयशुदा प्लॉट/दुकान का पट्टा गुम हो गया है। उक्त पट्टा किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो प्रार्थी को सूचित करे अथवा नजदीकी पुलिस थाने में जमा कराएं। उक्त पट्टा के संबंध में किसी प्रकार का लेन-देन करने पर प्रार्थी जिम्मेदार नहीं होगा।
प्रार्थी-नाथू गुर्जर, मो. 8890533721

आम-सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य एयू स्मॉल फॉईनेंस बैंक लि. से श्री पूरण चन्द गुर्जर पुत्र श्री झाबर मल द्वारा एक प्लाट नं. बी-24, 201.67 वर्ग गज, जो खसरा नं. 1247/707 ग्राम केशवाना राजपूत तहसील कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड राज. मे स्थित है को खरीदने एवं उस पर मोर्गेज लोन लेने हेतु आवेदन किया है। अतः किसी व्यक्ति, संस्था को उपरोक्त प्लाट पर मेरे अभिभाष्य द्वारा रहन / मोर्गेज करने से ऐतराज या किसी भी व्यक्ति का उत्तराधिकार विक्रय, रहन, लीज, लियन, लाईसेन्स, दान या कब्जे के जरिये या अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार या हक हो तो सात दिवस में सूचित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।
सतीश कुमार शर्मा एडवोकेट शाहपुरा जिला जयपुर मोबा. 9414207343

राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर
रजि.नं.-2877/एल क्रमांक: 78/2026 दि.8.9.2026
आम सूचना
श्री छीतर पुत्र श्री लालाराम ने भू.सं. 53 एरिया 173.88 वर्ग गज समिति की योजना आनन्द विहार ग्राम- सायपुरा तहसील सांगानेर,जिला जयपुर के मूल कागजात गुम हो जाने पर डुप्लीकेट कागजात प्राप्त करने हेतु समिति में आवेदन किया है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना दिनांक 30.08.2026 को LR No. 3265136/2026 राजस्थान पुलिस में दर्ज करा दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो 7 दिवस में समिति कार्यालय में संपर्क करें अन्यथा बाद मियाद गुजर जाने पश्चात प्रार्थी को डुप्लीकेट कागजात जारी कर दिये जायेगें। सूचित रहे।
मंत्री,
राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

दी राजस्थान अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.
जी-20, कृष्णा मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर
टेलीफोन न. 0141-2360373,2372384
-: वार्षिक आम सभा की सूचना:-
बैंक के समस्त योग्यता धारक सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 37वीं वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 27.09.2026 रविवार को प्रातः 11:00 बजे होटल गोल्डन टुलिप, जी.पी.ओ. के सामने, वन प्लस मोबाईल शोरूम के पास, एम.आई.रोड़., जयपुर पर आहूत की गई है। इसमें भाग लेने हेतु समस्त योग्यता धारक सदस्य सादर आमंत्रित हैं। उक्त बैठक हेतु निर्धारित कोरम पूर्ण नहीं होने की अवस्था में स्थगित आम सभा की बैठक दिनांक 27.09.2026 को ही दोपहर 12:00 बजे उसी स्थान पर आयोजित की जायेगी।
प्रबन्ध निदेशक

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय श्रीमान अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश स्थान क्रम 3 जयपुर महानगर प्रथम
राजेश मोटर्स प्रा.लिमिटेड विरूद्ध शक्ति सिंह केडिया
वाद/प्रार्थना पत्र इजराय
प्रार्थना-पत्र संख्या 317 सन् 2025
नाम शक्ति सिंह केडिया पुत्र नामालूम केडिया पता ई-1 ट्रांसपोर्ट नगर आगरा रोड जयपुर
उक्त प्रार्थी ने न्यायालय में न्यायालय अति.जिला एवम् सैशन न्यायाधीश क्रम-3 जयपुर महानगर प्रथम वाद संख्या 43/2024 राजेश मोटर्स ऑटो प्रा.लिमिटेड बनाम शक्ति सिंह केडिया व अन्य में पारित आदेश/निर्णय दिनांक 11/08/2025 की अनुपालना हेतु आवेदन किया है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 11 माह 09 सन् 2026 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो । यदि आप ऐसा करने मे असफल रहेगें तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा
यह आज ता. 8 माह 9 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
वरिष्ठ रीडर-अपर जिला न्यायाधीश क्रम-3 जयपुर महानगर प्रथम

खोया पाया
मेरा प्लॉट संख्या 114 एवं टाइटल डीड नंबर 337838, बाचुपल्ली गाँव, कुथबुल्लापुर मंडल, रंगारेड्डीजिला हैदराबाद, आंध्रप्रदेशका मूल पट्टा खो गया है, मिलने पर संपर्क करेः Mridul Bhaduria w/o Late Janardan Singh Gehlot, Mob 9414044445
मेरे पिता श्री भगवानदास थावरानी के नाम से राजस्थान आवासन मंडल के फ्लैट संख्या 4/228 FF, जवाहर नगर, जयपुर से संबंधित मूल दस्तावेज गुम हो गए हैं। यदि किसी सज्जन को उक्त दस्तावेज प्राप्त हों तो कृपया संपर्क करें- राजेश थावरानी 9829013478
मेरा मकान 185/31 प्रताप नगर सांगानेरका मूल अदेय प्रमाण पत्र मुझसे कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे किशन 9252203376
मेरे मकान संख्या 34/12, प्रताप नगर, जयपुर के राजस्थान हाउसिंग बोड द्वारा जारी मूल अल